# कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा, खैरथल– तिजारा

क्रमांकः– मुजिशिअ/ विद्या संबल/ खैर–तिजा /2026/राज.रैफ.स. दिनांकः– यथाईहस्ताक्षर

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
खैरथल–तिजारा।

**विषयः** शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों-विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ, अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लेने के लिये "विद्या संबल योजना" के संबंध में।

**प्रसंगः** श्रीमान मुख्य सचिव महोदय के पत्रांक F-17 (10) Edu-1/QEduc./2022-00494-2429645 दिनांक 18-08-2026 एवं वित्त विभाग के पत्र क्रमांक 46(2) वित्त/ साविलेनि /2021, दिनांक 30-03-2021 एवं निदेशालय बीकानेर का पत्रांक शिविरा–मा/मा.द./अंग्रेजी माध्यम/संस्थापन /66174/2022–23/144 दिनांक 17.10.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शिक्षा विभाग के समस्त राजकीय विद्यालयों एवं महात्मा गांधी राजकीय (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालयों/राजकीय अन्य अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विद्या संबल योजना के तहत स्पष्ट रिक्त पदों पर गेस्ट फैकल्टी लगाये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके तहत सम्पूर्ण प्रक्रिया संपादित की जानी है। विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त होने के कारण शिक्षण संस्थानों में अध्यापन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये विद्या संबल योजना लागू की जा रही है। इसी क्रम में पात्र अभ्यर्थियों/सेवानिवृत्त शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित करने एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में निम्नानुसार समय सीमा तय की जाती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ समस्त पीईईओ/संस्थाप्रधानों को संलग्न पत्र में दिये गये दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत निर्धारित समय सीमा में सम्पूर्ण प्रक्रिया संपादित करने हेतु पाबन्द करें। साथ ही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा स्तर पर मॉनिटरिंग की जावे।

सम्पूर्ण प्रक्रिया की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक एवं प्रारम्भिक खैरथल–तिजारा द्वारा की जानी है। उच्चाधिकारियों द्वारा चाही गई सूचना हेतु सूचना का संकलन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्यालय माध्यमिक एवं प्रारम्भिक खैरथल–तिजारा के द्वारा किया जायेगा। अतः जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं प्रारम्भिक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से नियमित समन्वयन कर दैनिक मॉनिटरिंग करेंगे एवं सूचना चाही जाने पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

**(उक्त प्रक्रिया** आर्दश **आचार संहिता क्षेत्र में अग्रिम आदेश तक अप्रभावी रहेगी।)**

RajKaj Ref No.:
24282819

Digitally signed by
RAMESH KUMAR MEGH
Designation: District
Education Officer
Date: 2026-08-27 18:18:42
IST

v-1.0

Scanned with OKEN Scanner

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1. | पीईईओ विद्यालय स्तरीय चयन समिति का गठन | 29-08-2026 |
| 2. | संबंधित पीईईओ/यूसीईईओ के द्वारा विद्यालय के एवं अधीनस्थ विद्यालयों के शाला दर्पण पोर्टल पर प्रदर्शित (व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, अध्यापक L-1/L-2) रिक्त पदों की सूची प्रकाशित करना व चस्पा करवाना | 29-08-2026 (अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 3. | संबंधित पीईईओ/यूसीईईओ के द्वारा पात्र अभ्यर्थियों के भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01.09-2026 से 02.09.2026 विद्यालय समय में |
| 4. | संबंधित पीईईओ/यूसीईईओ कमेटी के द्वारा विद्यालय स्तरीय कमेटी द्वारा आवेदनों की जांच एवं निर्धारित मेरिट के आधार पर प्रत्येक रिक्त पद के विरुद्ध 3-3 अभ्यर्थियों का चयन कर चयन सूची तैयार करना। | 03.09.2026 |
| 5. | संबंधित पीईईओ/यूसीईईओ कमेटी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची सीबीईओ कार्यालय में पहुंचाना | 04.09.2026 प्रातः 11:00 बजे तक |
| 6. | ब्लॉक स्तरीय कमेटी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ,समग्र शिक्षा खैरथल–तिजारा कार्यालय में पहुंचाने हेतु अंतिम तिथि | 05.09.2026 |
| 7. | जिला स्तरीय कमेटी द्वारा चयन-सूची अनुमोदन | 07.09.2026 (सायं 06:00 बजे तक) |

## विद्या संबंल योजना हेतु योग्यताएँ

| क्र.स. | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 01 | **व्याख्याता (विभिन्न विषय)** | राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ) सेवा नियम–2021 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित पद व प्रावधानों के अनुसार |
| 02 | **वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय)** | राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ) सेवा नियम–2021 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित पद व प्रावधानों के अनुसार |
| 03 | **अध्यापक लेवल–1 व लेवल–2(विभिन्न विषय)** | राजस्थान पंचायत राज नियम–1996 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित प्रावधानों के अनुसार |

## चयन प्रक्रिया हेतु निर्धारित अंकभार

| पदनाम | कक्षा-10 | कक्षा-12 | स्नातक | अधिस्नातक | डी.एल.एड./बी.एड. |
|---|---|---|---|---|---|
| **अध्यापक लेवल-1** | 30% | 45% | - | - | 25% |
| **अध्यापक लेवल-2** | 20% | 20% | 35% | - | 25% |
| **वरिष्ठ अध्यापक** | 10% | 15% | 50% | - | 25% |
| **व्याख्याता** | 05% | 10% | 20% | 40% | 25% |

**RajKaj Ref No.: 24282819**

Digitally signed by RAMESH KUMAR MEGH
Designation: District Education Officer
Date: 2026-08-27 18:18:42 IST

*v-1.0*

Scanned with OKEN Scanner

**संलग्नः** उपर्युक्तानुसार अन्य संग्लन।

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा**-खैरथल–तिजारा

**क्रमांकः– मुजिशिअ/ विद्या संबल/ खैर–तिजा /2026/राज.रैफ.स.** **दिनांकः– यथाईहस्ताक्षर**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु **:-**

01. श्रीमान **निदेशक महोदय, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।**
**02.** श्रीमान **जिला कलेक्टर महोदय,** खैरथल–तिजारा ।
**03.** श्रीमान **संयुक्त निदेशक महोदय, स्कूल शिक्षा** जयपुर **संभाग** जयपुर ।
04. जिला शिक्षा अधिकारी(मु0) माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, खैरथल–तिजारा।
**05.** समस्त पीईईओ/यूसीईईओ/संस्था प्रधान खैरथल–तिजारा को पालनार्थ ।
**06. कार्यालय प्रति।**

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा**-खैरथल–तिजारा

**RajKaj Ref No.:**
**24282819**

Digitally signed by
RAMESH KUMAR MEGH
Designation: District
Education Officer
Date: 2026-08-27 18:18:42
IST

*v-1.0*

Scanned with OKEN Scanner

